तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024

10 मोतीलाल नेहरू स्कूल के खिलाड़ी छाए



10 स्कॉलरशिप परीक्षा में 150 बच्चों ने लिया भाग



## खबर संक्षेप

### ताला तोड़, 12 तोले सोना और डेढ़ किलो चांदी चोरी

**जींद।** नरवाना के ओल्ड कोर्ट रोड पर बीती रात चारों ने मकान का ताला तोड़ कर 12 तोले सोने तथा डेढ़ किलोग्राम चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पुराने मकान मालिक ने उसके मकान में चोरी की है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं की बोरी चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजोंद पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा आरोपी वार्ड नं 4 राजोंद निवासी राकेश कुमार व विशाल कुमार को काबु कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एफसीआई गोदाम राजौंद के चौकीदार राजौंद निवासी अकुंश की शिकायत अनुसार 3 मई को उपरोक्त दोनो आरोपियों द्वारा एफसीआई गोदाम राजौंद से 4 बोरी गेहूं चोरी की गई।

### पशु अस्पताल का टूटा ताला, उपकरण चोरी

**जींद।** गांव सफाखेड़ी में बीती रात चोरों ने सरकारी पशु अस्पताल का ताला तोड़ कर चिकित्सा उपकरणों तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने वीएलडीए की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सफाखेडी सरकारी पशु अस्पताल के वीएलडीए रामफल ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ट्रक की टक्कर से युवक घायल

**कैथल।** ट्रक की टक्कर एक एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कल्लर माजरा निवासी विक्रमजीत सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि चार मई को रात करीब साढ़े नौ बजे वह बाइक पर कल्लर माजरा रोड टी-प्वाइंट चीका पर जा रहा था। वहां अज्ञात ट्रक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी।

### ट्रक- तीन ट्रैक्टरों की बैट्री चोरी, मामले दर्ज

**जींद।** अगल-अलग स्थानों पर ट्रक तथा तीन ट्रैक्टरों की बैटरियों को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रामपुरा निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके ट्रक से बैटरी को चोरी कर लिया।

### शिकायत निवारण फोरम की बैठक 13 मई को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक अधीक्षक अभियंता भवन में 13 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। अध्यक्षता आरके खन्ना करेंगे।

### बुजुर्ग से मारपीट करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** रोहतक रोड पर रास्ते को लेकर दो युवकों ने एक बुजुर्ग के साथ मारपीट की। शहर थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान का निर्माण कर रहा है। निर्माण सामग्री उतारने के दौरान रास्ते को लेकर बबल से कहासुनी हो गई।

### आरोपित 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में चोरीशुदा आभूषण खरीदने वाली महिला आरोपी गांव बहजोई जिला संभल यूपी निवासी रुपाली को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी रुपाली का 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया है।

## गुहला प्रशासन की नाक के नीचे चीका शहर में पनप रही अवैध कालोनियां

### अधिकारियों की लचीली कार्यप्रणाली का लाभ उठाकर कालोनाइजर सारा खेल खेल रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुहला चीका

लोकसभा चुनावों की आड़ में हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित चीका शहर में कई अवैध कालोनियां पनपने लगी हैं। मजे की बात तो ये है कि ये सारा काम प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है परंतु प्रशासकीय अधिकारी चुनाव में व्यस्त हैं और उनका अवैध कालोनाइजरों द्वारा किए जा रहे अवैध कार्यों की तरफ कोई ध्यान नहीं है। मालूम रहे कि यहां पहले भी अवैध कालोनियां कटती रही हैं और प्रशासन उन्हें गिरवाता भी रहा है परंतु कुछ समय शांत रहकर कालोनाइजर फिर सक्रिय हो जाते हैं और लोगों का प्लाट बेचने लगते हैं।



गुहला चीका। अवैध कालोनी में बनाई जा रही सड़क का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोई भी व्यक्ति कृषि भूमि को कालोनी काटने के लिए खरीद नहीं सकता। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यदि कोई व्यक्ति किसी कृषि भूमि को खरीदता है तो फिर वह उसका उपयोग कृषि कार्य के लिए ही कर सकता है परंतु यदि वह उक्त जमीन का कालोनी या किसी अन्य तरीके से प्रयोग करता है तो वह पूरी तरह कृषि कानून का उल्लंघन माना जाता है परंतु यहां उक्त कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और राजस्व अधिकारी कृषि भूमि खरीदने वाले व्यक्ति से मात्र यह लिखवाकर ले लेता है कि वह उक्त भूमि का कृषि कार्य के लिए ही प्रयोग करेगा नतीजतन अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते कि जिस जमीन को कृषि कार्य के लिए खरीदा है, उसका प्रयोग कहीं किसी ओर उद्देश्य के लिए तो नहीं किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों की इस लचीली कार्यप्रणाली का ही लाभ उठाकर कालोनाइजर सारा खेल खेल रहे हैं। उक्त कालोनियों से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि कालोनाइजरों को भरोसा है कि इसी साल हरियाणा प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में यदि भाजपा सरकार बदलकर कांग्रेस सत्ता में आ गई तो फिर जमीन के दाम आसमान को छू सकते हैं। सूत्रों का तर्क है कि जब प्रदेश में कांग्रेस का राज था तो उस समय भी जमीन के दाम बहुत ऊंचे थे और कालोनाइजरों ने प्लाट बेचकर जमकर चांदी कूटी थी नतीजतन इसी भरोसे पर कालोनाइजर एक बार फिर इस गोरखधंधे में जुट गए हैं और आने वाले समय में लोगों को जी भर कर लूटने के प्लान पर काम कर रहे हैं।

**करवाई जाएगी जांच : राजेश कुमार**

नगरपालिका के एमई राजेश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा सरकार ने जिन कालोनियों को वैद्य किया था। कहा कि वर्तमान में यदि शहर में कोई अवैध कालोनी काट रहा है तो जांच की जाएगी और यदि वह अवैध पाई गई तो कालोनी काटने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सरकार ने हाल ही में 14 अवैध कालोनियों को किया है वैद्य:** कालोनाइजरों के हौसले इसलिए भी बुलंद बताए जा रहे हैं कि यदि एक बार कालोनी कट जाए तो कभी ना कभी सरकार उसे अवैध से वैद्य कर सकती है। कालोनाइजर लोगों को ये कहकर भ्रमित कर रहे हैं कि पिछले दिनों सरकार ने केवल गुहला में ही 14 अवैध कालोनियों को वैद्य किया था और भविष्य में भी चाहे कोई सरकार सत्ता में आए तो किसी ना किसी समय कालोनियों को फिर वैद्य कर ही देगी। कालोनाइजरों के उक्त उदाहरणों से लोग उनके जाल में फंस रहे हैं और अपनी खून पसीने की कमाई को कालोनाइजरों के हाथों लुटवा रहे हैं।

## रेलगाड़ी में सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ रही परेशानी

# रेलवे ने 2 पैसेंजर ट्रेन के विस्तार को घटाया

### 14027-28 फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस को जाखल तक सीमित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

रेलगाड़ी में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। रेलवे द्वारा दो पैसेंजर ट्रेनों का ओर विस्तार कम किया गया है। इसका सबसे ज्यादा असर दैनिक यात्रियों पर पड़ रहा है। रेलवे ने प्रतिदिन दिल्ली से नरवाना चलने वाली 04424-26 पैसेंजर ट्रेन का आवागमन जींद जंक्शन तक ही कर दिया है। इसके अलावा 14027-28 फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस को भी जाखल तक ही सीमित कर दिया है। अब इस ट्रेन को फिरोजपुर कैंट से जाखल स्टेशन के बीच चलाया जा रहा है। ऐसे में नरवाना, टोहाना और जाखल तक आवागमन करने वाले दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। गौरतलब है कि अंबाला रूट पर किसानों द्वारा रेलवे ट्रैक बाधित करने के कारण वहां आवागमन करने वाली एक्सप्रेस तथा मालगाडिय़ां दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक से आ.जा रही है। इससे इस रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का दबाव बढ़ गया है। जिसके कारण रेलवे ने दिल्ली.बठिंडा रेलवे ट्रैक पर चलने वाली तीन ट्रेनों को रद्द किया हुआ है और तीन ट्रेनों का विस्तार रोक दिया है। ऐसे में इस रूट की ट्रेनों को लगातार घटाया जा रहा है। पिछले लगभग 25 दिनों से शंभू बॉर्डर पर किसानों द्वारा अंबाला रेलवे ट्रैक बाधित करने से दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक पर दबाव की स्थिति बन गई है। इस ट्रैक से प्रतिदिन सैंकड़ों गाड़ियां गुजर रही है। रोजाना 80 से 'यादा गाडिय़ों को गुजारा जा रहा है। इसके कारण इस ट्रैक पर चलने वाली नियमित गाडिय़ां प्रभावित होने लगी है। यह नियमिति गाडिय़ां अपने निर्धारित समय पर भी नहीं पहुंच पा रही है।




**दैनिक यात्रियों पर पड़ा असर**

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों के बढ़ते दबाव के चलते प्रतिदिन दिल्ली से नरवाना चलने वाली 04424.26 पैसेंजर ट्रेन का आवागमन जींद जंक्शन तक ही कर दिया है। इसके अलावा 14027-28 फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस को भी जाखल तक ही सीमित कर दिया है। इसका ज्यादा असर दैनिक यात्रियों पर पड़ा है।

**घर कैसे जाएं दैनिक यात्री**

जींद से गुजरने वाली गाड़ियों को रद्द तथा विस्तार कम करने से सबसे 'यादा परेशानी दैनिक यात्रियों को हो रही है। शाम के समय दैनिक यात्रियों को घर जाने के लिए ट्रेन ही नहीं मिल रही है। शाम तीन से रात 11 बजे के बीच 12481-82 श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस, 04083-84 जींद-हिसार पैसेंजर और 15909-10 अवध-असम एक्सप्रेस के अलावा कोई भी ट्रेन नहीं हैए जिससे वह अपने घर जा सके। प्राइवेट और सरकारी कार्यालयों में कार्य करने वाले हजारों लोग प्रतिदिन नरवाना, टोहाना, उचाना, जुलाना से जींद शहर में आते हैं। शाम पांच बजे कार्यालय की छुट्टी होने के बाद जब स्टेशन पहुंचते हैं तो जींद-हिसार पैसेंजर जा चुकी होती है और उसके बाद कोई ट्रेन नहीं मिलती। दैनिक यात्री प्रमोद ने कहा कि वह प्रतिदिन ट्रेनों के माध्यम से जींद आवागमन करता है। वे सरकारी और निजी कार्यालयों में काम करते हैं। रेलवे ने शाम के समय नरवाना की तरफ जाने वाली कुछ पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है वहीं कुछ ट्रेनों का विस्तार जींद तक ही कर दिया है। अब दैनिक यात्रियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

## लोगों के खिलाफ दर्ज केस वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

सोमवार को समस्त ग्राम बडन्नपुर निवासियों द्वारा बिजली विभाग के एकशन को ज्ञापन सौंपा गया। पिछले दिनों बिजली विभाग नरवाना द्वारा जगमग योजना के तहत बिजली के खम्भे व मीटर लगाने के लिए गांव बडन्नपुर में टीम आई थी। ग्रामवासियों का बिजली विभाग की टीम का शांतिपूर्वक तरीके से विरोध किया गया था। लेकिन बिजली विभाग के एसडीओ द्वारा षिराम, बंशी श्योकंद, सुरेन्द्र श्योकंद व मास्टर कलवंत पर झूठी एफआईआर दर्ज करवा दी गई थी जिसको लेकर समस्त ग्रामवासियों में रोष है। इस मुद्दे को लेकर आज सैंकड़ों की संख्या में ग्रामवासी बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंचे व एकशन साहब को ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व सरपंच डा0 जोगिन्द्र ने प्रैस के माध्यम से बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ द्वारा झूठा मुकद्दमा दर्ज करवाया गया है जिस दिन बिजली विभाग की टीम गांव में आई थी उस दिन सभी गांव वासियों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया था। कामरेड सुरेश ने कहा कि अगर बिजली विभाग मुकद्दमा वापिस नहीं लेता है तो समस्त ग्रामवासियों व किसान मजदूर संगठनों द्वारा इसको लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कुलबीर नम्बरदार, पूर्व सरपंच सूरजमल, नसीब, सुरेन्द्र, ओमप्रकाश मौजूद रहे।



नरवाना। ज्ञापन सौंपने के लिए बिजली कार्यालय पर पहुंचे ग्रामवासी।

## छात्रा को प्रपोज करने वाले प्रोफेसर को शीघ्र बर्खास्त करने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी डा. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्य से गत दिनों राजकीय महाविद्यालय जुलाना में सहायक प्रोफेसर द्वारा छात्र को प्रपोज करने के मामले की जांच करवा बर्खास्त करने की मांग की गई। एबीवीपी ईकाई उपाध्यक्ष निशा व महिमा सरोहा ने बताया की कॉलेज प्रशासन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। छात्रा को समझा बुझा कर एक बार तो समझौता करवा दिया गया है परंतु बाद में दोबारा फिर आरोपित प्रोफेसर द्वारा यही हरकतें की गई हैं। ईक्काई अध्यक्ष सचिन व जिला संयोजक परमिंदर ने बताया गया कि सहायक प्रोफेसर पर 2021 में भी एक छात्रा ने इसी प्रकार आरोप लगाए थे। जिसकी लिखित में शिकायत थी। उस समय भी समझौता करवा कर मामले को दबा दिया गया था। मामले की शिकायत करने के बावजूद बदनामी का भय दिखा कर समझौता करवा दिया गया। संयोजक रोहन सैनी बताया कि सोमवार को उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को इस मामले की संबंधित युनिवर्सिटी होने के कारण शिकायत दी।

### बीस लाख का कृषि लोन हड़पने का आरोपित काबू

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने फर्जी जमाबंदी तथा मुटेशन देकर यूनियन बैंक से 20 लाख रुपये का कृषि लोन करवा राशि हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। यूनियन बैंक के प्रबंधक दीनदयाल ने 21 जनवरी 2022 को शहर थाना सफीदों पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव फफड़ाना (करनाल) निवासी रामभगत उर्फ भगतराम व उसके बेटे शक्ति सिंह ने रेलवे रोड कारपोरेशन बैंक सफीदों शाखा से 20 लाख रुपये का कृषि लोन लिया था। उस वक्त रामभगत उर्फ भगतराम खेवट नंबर 319 खाता नंबर 458 कुल रकबा तादादी 209 कनाल तीन मरले में बतौर हिस्सेदार जमाबंदी 2011-2012 मालिक व काबिज के दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। साथ में आरोपितों ने जमाबंदी वा गिरदावरी की सत्यापित कॉपी पेश की थी। आरोपित रामभगत ने अपनी उपरोक्त फफडाना तहसील अंसध जिला करनाल जमाबंदी 2011-2012 से बैंक के हक में बरूवे रहन की थी।

## जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

■ बीज विक्रेता सरेआम कर रहे किसानों से लूट : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जिले की अनाज मंडियों में बीज व दवा विक्रेताओं द्वारा धान के बीच में की जा रही कालाबाजारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को ढांड में सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पूर्व किसने की बैठक भारतीय किसान यूनियन के ढांड कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश बंदराना ने की तथा मुख्य तौर पर प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा और युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने भाग लिया। राजीव आर्य ने कहा कि अनाज मंडी में जो दवाई की दुकानें हैं वह किसानों की धान की 7501 और 7301 को लेकर सरेआम कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवाई विक्रेता इन बीजों को 1600 रुपए के हिसाब से खरीदते हैं तथा बाद में किसानों को 3400-3500 की दर से बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूंडरी की अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन ने कालाबाजारी करते दुकानदारों को पकड़ा था लेकिन उन दुकानदारों के खिलाफ कृषि उपनिदेशक द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दवाई विक्रेताओं को किसानों से खुली लूट की छूट दे रहा है जिसे भाकियू सहन नहीं करेंगे।



कैथल। जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते किसान। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस की मौजूदगी में किसानों को बांटा बीज

**कैथल।** सोमवार को कस्बा ढांड में धान बीज की खरीद को लेकर किसानों ने हल्ला बोल दिया। किसानों की धक्कामुक्की को देखते हुए दुकानदार को पुलिस बुलानी पड़ी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में किसानों को बीज दिया गया। बता दें कि इस समय किसान धान बिजाई के लिए बीज खरीद कर रहा है। उन्नत किस्म की धान का बीज ढांड में मात्र एक दुकान ज्योति फर्टीलाइजर पर होने के कारण वहां हजारों किसानों की करीब 300 मीटर तक की लंबी लाइन लग गई। घंटों इंतजार के बाद जब बीज नहीं मिला तो किसानों ने हल्ला बोल दिया। इस कारण किसानों को नियंत्रित करने के लिए ढाँड पुलिस पहुंची। बता दें कि बीज लेने के लिए महिलाएं भी लंबी कतार में खडी थी। बाद पुलिस ने स्थिति संभालते हुए अपनी मौजूदगी में बीज बंटवाया। ऐसे में सैकड़ों किसान बिना बीज लिए ही वापस लौट गए।

## टूटे ढक्कन दे रहे हादसों को न्योता

■ ओवरलोड डंपरों ने गली को पूरी तरह बर्बाद कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

नगर के मुख्य मार्ग पर वार्ड नंबर 8 को जाने वाली मुख्य गली के पास बने जन स्वास्थ्य विभाग के दो मेन होल के ढक्कन ओवरलोड डंपरों ने तोड़कर तहस नहस कर दिए हैं। जिससे अब पानी की सप्लाई में भी मिट्टी भरने से पानी की सप्लाई भी काफी खराब होगी। अभी कुछ रोज पहले जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नए मेन होल के ढक्कन बनवाएं थे। लेकिन ओवरलोड डंपरों के कारण जहां गली को पूरी तरह नहस कर दिया है वहीं मुख्य मार्ग पर बने मैन होल के यह पत्थर भी बुरी तरह से तोड़ दिए हैं। ढक्कन खुले रहने से जहां हादसा होने का भय बना रहता है। वही पानी सप्लाई में भी गंदगी आनी शुरू हो जाएगी। इस बारे वार्ड नंबर 8 के रोशन रामपाल अशोक कुमार बीरा राम जोगिंदर सिंह हवा सिंह इत्यादि ने बताया कि गली के दोनों तरफ बने नाले भी तोड़ दिए हैं और गली से निकलना पहले ही मुश्किल किया है। इसके अलावा मुख्य मार्ग के बिल्कुल साथ यह दोनों पत्थर टूटी अवस्था में पड़े हैं जो किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। जन स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई करते ढक्कनों को तुरंत बदलना चाहिए ताकि अनहोनी घटना से बचा जा सके।



राजौंद। कैथल मार्ग पर टूटे ढक्कनों का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### अतिरिक्त उपायुक्त से मतदान करने का किया था वादा

## जिले की वयोवृद्ध 108 वर्षीय रामदेवी का निधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

भारत सिनेमा के निकट रहने वाली 108 वर्षीय रामदेवी का रविवार को निधन हो गया। हालांकि रामदेवी ने एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ को वादा किया था कि वो अपने मत का प्रयोग करेंगी। एक मई को एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने रामदेवी से मुलाकात की थी। रामदेवी ने 25 को मतदान करने का एडीसी से वादा किया था। रामदेवी ने एडीसी को भेंट स्वरूप एक सिक्का भी दिया था। जिसे एडीसी ने आशीर्वाद समझकर रख लिया था। डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि रामदेवी से मुलाकात कर एक अलग अनुभव हुआ था। उनके निधन से उनको बहुत दुख हुआ है। जिले की सबसे अधिक उम्र की बुजुर्ग महिला भारत सिनेमा निवासी रामदेवी से एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने एक मई को मुलाकात की थी। लोगों को अधिक से अधिक मतदान को प्रोरित करने के लिए जिला प्रशासनिक अधिकारी स्वीप अभियान के तहत बुजुर्गों से मुलाकात कर रहे हैं। एक मई को एडीसी ने रामदेवी से मुलाकात की थी और उनसे आशीर्वाद लिया था। रामदेवी बोल पाने में सक्षम नहीं थी। उन्होंने स्लेट पर एडीसी को लिख कर दिया था कि 25 मई को मतदान करने जरूर जाएंगी। एडीसी ने उनसे 15 मिनट बात की और उनका आशीर्वाद लिया था। रामदेवी ने एडीसी को भेंट स्वरूप एक सिक्का भी दिया था। जिसे एडीसी ने आशीर्वाद समझकर रख लिया था।



जींद। अपने कपड़े में बांधे सिक्के को एडीसी को देती रामदेवी। फोटो :हरिभूमि

**वृद्धों का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात**

एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि वृद्धों का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात है। रामदेवी से मिलकर बहुत अच्छा लगा था। बुजुर्गों के साथ समय बिता कर हमें अलग अनुभूति होती है। उनमें किसी प्रकार का कोई वैरभाव या द्वेष नहीं होता। उनके आशीर्वाद में केवल प्यार ही प्यार होता है। रामदेवी का निधन मेरे स्वयं के लिए भी एक दुखद क्षण है।

## चरस सप्लाई करने का मुख्य आरोपी तीन वर्ष बाद गिरफ्तार

■ मार्च 2021 में चरस के साथ पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में हुआ था खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिले में नशा तस्करी करने के एक आरोपित को पुलिस ने सूचना के तीन वर्ष बाद काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सोनीपत के मंदोरी निवासी सुनील हाल आबाद राम नगर रोहतक रोड के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपित से उसके द्वारा कहां पर सप्लाई किया गया था। उन ठिकानों के बारे में पूछताछ की जाएगी। 20 मार्च 2021 को सीआईए स्टाफ की टीम ने पिंडारा में निर्माणधीन पुल के पास नाकाबंदी शुरू कर रोहतक रोड रामनगर कालोनी निवासी मनीष व उसके पिता स्वरूप सिंह को दो किलो 40 ग्राम सुल्फे के साथ गिरफ्तार किया था। सिविल लाइन थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया था कि वह यह सुल्फा सोनीपत के मंदोरी निवासी सुनील हाल आबाद राम नगर रोहतक रोड जींद से खरीदा था। पुलिस ने सप्लायर का नाम सामने आते ही आरोपित सुनील के ठिकानों पर दबिश शुरू की थी।

## खबर संक्षेप

### हमला कर घायल करने वाले तीन नामजद

जींद। गांव उझाना में रंजिश के चलते हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाच कर रही है।

गांव उझाना निवासी बिट्टू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बच्चों के आपस में झगड़ने पर उनकी राममेहर से कहासुनी हो गई थी। उसी दौरान राममेहर परिवार ने उन पर हमला कर दिया।

### लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोगए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### डॉ. संजय फिर चुने सैक्टर छह के प्रधान

जींद । सेक्टर छह हुडा की रेसिडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान पद के लिए और कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के चुनाव के लिए पूरे सेक्टर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में सैक्टर 6 के निवासी शामिल हुए और विचार व्यक्त किए। इसमें विचार विमर्श करने के बाद निवर्तमान प्रधान डा. संजय शर्मा को ही सर्वसम्मति से दोबारा सैक्टर 6 जींद का प्रधान चुना गया।

### हमला करने पर 20 लोगों पर मामला दर्ज

जींद। सैक्टर आठ के निकट हाउसिंग बोर्ड में गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मौके पर पहुंचने के चलते आरोपित फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर आठ युवकों को नामजद कर 12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिगा लापता अपहरण का केस

जींद। सैक्टर आठ के निकट से नाबालिग लड़की के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलतः यूपी हाल आबाद सैक्टर आठ के निकट परिवार समेत रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति के साथ मजदूरी करने गई हुई थी। घर में उसकी 15 वर्षीय बेटी मौजूद थी।

### काम में कोताही के लिए कोई स्थान नहीं

जींद । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मियों के लिए चुनाव से संबंधित कार्य करना सबसे पहली प्राथमिकता है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव कार्यों को तत्परता के साथ पूरा किया जाए। चुनाव के कार्य में कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है।

### रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

उचाना। स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में चल रही एनएसएस यूनिट ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशनुसार एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। संस्था के शिक्षा निदेशक विनोद कुमार वशिष्ठ ने सभी स्वयं सेवकों को मतदान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रजातंत्र की रक्षा के लिए ईमानदार लोगों को चुनकर के राष्ट्र को मजबूत बन जा सकता है।

### धडौली में हुआ रूप बसंत साग का मंचन

सफीदों। गांव धड़ौली के खेल मैदान में महिला विकास मंच के तत्वावधान में रूप बसंत नामक सांग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि ग्राम सरपंच सुनील देशवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की सचिव साधना गौत्तम ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## डिप्टी सीएमओ ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

# लेबर रूम से प्रसूति केसों को अनावश्यक रेफर न करें: पांचाल

उचाना अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक नही मिली, दो कर्मी वर्दी में नही मिले तो पगार काटने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना स्थित नागरिक अस्पताल, सीएचसी जुलाना, पीएचसी डूमरखां का सोमवार को डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने औचक निरीक्षण किया। जुलाना सीएचसी में निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. गोपाल गोयल व डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया भी मौजूद रहे। उचाना अस्पताल में निरीक्षण के दौरान एक-दो जगह पर सफाई व्यवस्था ठीक नही मिली। जिस पर डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने तुरंत प्रभाव से सफाई करवाने के आदेश दिए। इसके अलावा दो कर्मचारी वर्दी में नही मिले। जिस पर उसकी दो दिन की पगार काटने के आदेश दिए गए। इसके बाद पीएचसी डूमरखां, सीएचसी जुलाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक की और अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने के लिए कहा। डा. पांचाल ने स्पष्ट किया कि रात्रि के दौरान ड्युटी स्टाफ सोए नही और अलर्ट रहे। लेबर रूम से प्रसुति केसों को अनावश्यक रेफर न करें। रेफर करने से पूर्व संबंधित स्टाफ नर्स चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से राय लें। रेफर करते समय एम्बुलेंस 108 का प्रयोग अवश्य करें।



जींद। सीएचसी जुलाना का निरीक्षण करते सीएमओ डा. गोपाल गोयल।

### अस्पताल में सफाई व्यवस्था बनाकर रखें, मरीजों से अच्छा व्यवहार करें

डा. रमेश पांचाल द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे परिवार नियोजन, टीकाकरण, एनसीडी, माता व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, बीसीजी टीकाकरण, अनिमिया मुक्त भारत, गैर संचारी रोग व अन्य कार्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी दी व जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उनको समय पर प्राप्त करने का प्रयास करें। इसके अतिरिक्त निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी बायोमेट्रिक हाजिरी व मैनुअल हाजिरी समय पर लगाएं तथा ड्युटी के दौरान यदि फिल्ड में या अन्य किसी कार्यालय के काम से बाहर जाना है तो हलचल रजिस्टर में हलचल भरकर ही जाएं। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था बनाकर रखें, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। जो ड्रेस कोड स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक कैडर का निर्धारित किया गया है उसके अनुसार डयुटी के दौरान ड्रेस डालें।



जींद। सीएचसी जुलाना का निरीक्षण करते सीएमओ डा. गोपाल गोयल।

### दोपहर एक बजे पहुंचे नागरिक अस्पताल स्वास्थ्य कर्मचारियों में मचा हड़कंप

डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल दोपहर एक बजे नागरिक अस्पताल पहुंचे और औचक निरीक्षण की शुरूआत की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों में हडकंप मच गया। यहां डा. रमेश पांचाल द्वारा लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, सामान्य वार्ड, एनसीडी सेल, आयुष्मान कक्ष, दंतक कक्ष, प्रयोगशाला व दवाइयां वितरण केंद्र का निरिक्षण किया व नागरिक अस्पताल उचाना में उपस्थित मरीजों से मिल रही दवाइयों व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जांच में अस्पताल परिसर में एक-दो जगह सफाई व्यवस्था दुरूस्त नही मिली। जिस पर तुरंत सफाई करने के आदेश दिए गए। साथ ही दो कर्मचारी वर्दी में नही पाए गए। जिस पर उनकी दो दिन की पगार काटने के आदेश दिए गए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील गर्ग, डा. राजेश मित्तल, डा. चंद्रमणी, डा. योगेश, शकुंतला कुमारी, शकुंतला देवी, सुनीता, राज सिहं व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहा।



उचाना। भजन-कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## कोमलता के अभाव में शांति नहीं आ सकती : अशोक

■ कहा : कठोर वस्तु जल्द टूटती है पर नरम चीजें लंबे समय तक चलती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में चल रहे भजन कीर्तन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि अगर जीवन में बनोंगे मुलायम तो प्रतिष्ठा होगी कायम। जो वस्तु चीज मुलायम होती है वो सभी को प्रिय लगती है जैसे रूई, मक्खन, फूल। कठोर वस्तु किसी को अच्छी नहीं लगती।

जिंदगी में सदा अपने के लिए कठोर ओर दूसरों के लिए नरम बनो। परंतु आप देखना कोमलता के अभाव में परिवार में शांति नहीं आ सकती। जो इंसान कठोर होता है धीरे-धीरे उसी की बगावत होनी शुरू हो जाती है। कठोरता जीवन में क्यों आती है। जब जीवन में दया का, करूणा का अभाव हो जाता है। स्वार्थ में भी इंसान कठोर बन जाता है। मोक्ष का अधिकारी भी वहीं है जो नरम मुलायम है। संसार पार करना है तो मृदुता जरूरी है। कोमल जमीन में ही अंकुर पैदा होता है। इसी प्रकार कोमल हृद्य में ही धर्म उत्पन्न होता है। एक सूख पत्ता ही शोर मचाता है वहीं एक हरा पत्ता कभी भी आवाज नहीं करता। ठीक इसी प्रकार ज्ञान पैदा होने के बाद हमें गंभीर बनना है।

उन्होंने कहा कि कठोर इंसान, वस्तु जल्दी समाप्त होती है। नरम इंसान, वस्तु लंबे समय तक चलते है। जैसे दांत जल्दी टूट कर गिर जाते है, जीभ अंतिम समय तक साथ निभाती है। आज परायों के साथ जीना जितना आसान वहीं घर, परिवार के सदस्यों के साथ जीना उतना ही मुश्किल है। घर में जीने का अर्थ केवल यह नहीं है कि हम ईंट, पत्थर, चूने से बने मकान में रहे। घर के साथ जीने की पहली शर्त है कि हम अपने भीतर आत्मीयता, सहज स्नेह का विस्तार करें। जिस घर में तीन पीढ़ियां एक साथ बैठकर भोजन, भजन करती है। ऐसा घर साक्षात स्वर्ग है। जिस घर के बड़े नरम, छोटे भी नरम उस घर में लगता है स्वर्ग है। जिस घर के बड़े गरम, छोटे नरम उस घर में है शर्म। जिस घर के बड़े नरम, छोटे गरम वो घर है बेशर्म।

## पोस्टर बैलेट से मतदान अवश्य करें

■ अर्जुन स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में भी स्थापित किया जाएगा सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीष कुमार फोगाट की अध्यक्षता में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में चुनाव से जुडे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एसडीएम ने हिदायत देते कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इडीसी अथवा पोस्टर बैलेट के द्वारा अपना मतदान अवश्य करें। उन्होंने बताया कि सफीदों के लघु सचिवालय स्थित कमरा नम्बर 117 में सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा। जिसमें चुनाव ड्यूटी से संबंधित कर्मी अपना आवेदन फार्म नंबर 12/12 ए को भरकर इसे सुविधा केंद्र पर जमा करवा सकते हैं तथा वहीं से अपना पोस्टर बैलेट अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इसी तरह का एक सुविधा केंद्र जींद के अर्जुन स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में भी स्थापित किया जाएगा। चुनाव से जुड़े कर्मी वहां भी अपना आवेदन फार्म भर कर जमा करवा सकते है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में एक.एक वोट की कीमत होती है। लिहाजा प्रत्येक मतदाता को अपना वोट अवश्य डालना चाहिए ताकि लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते एसडीएम मनीष कुमार फोगाट। फोटो :हरिभूमि

### एमआईएस पोर्टल नही खुलने से संचालक दुखी

जींद। निजी स्कूलों में किए गए दाखिलों को चिराग योजना के तहत एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने में स्कूल संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा अभी तक प्राइवेट स्कूल संचालकों के लिए एमआईएस पोर्टल नहीं खोला गया है। इसके चलते मुख्यालय के पास योजना का लाभ उठाने वाले विद्यार्थियों का डाटा नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में मौलिक शिक्षा निदेशालय ने जिले के 38 विद्यालयों की सूची जारी करते हुए अधिकारियों को पत्र जारी कर चिराग योजना के तहत हुए दाखिलों को एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए चिराग योजना शुरू की है। इसके तहत पात्र विद्यार्थी चौथी से 12वीं कक्षा तक निजी स्कूलों में दाखिला लेकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

## स्कॉलरशिप परीक्षा में 150 बच्चों ने लिया भाग

जींद। गांव अशरफगढ़ स्थित रॉयल डिफेंस अकादमी द्वारा रविवार को अकादमी के प्रांगण में बच्चों हेतु स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया। आयोजित परीक्षा के अंदर विभिन्न राज्यों के बच्चों ने हिस्सा लिया।मैनेजिंग डायरेक्टर डा. निर्मल ने बताया कि बच्चों को फीस में विशेष छूट देने हेतु स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में हरियाणा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली एनसीआर के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस परीक्षा में लगभग डेढ़ सौ बच्चे शामिल हुए और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को हमारे संस्थान की तरफ से सम्मानित किया गया। बताया कि हमारे संस्थान द्वारा स्कॉलरशिप परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों की मदद कर उज्जवल भविष्य बनाना है। जो आर्थिक परेशानियों के चलते अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते। ऐसे बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान कर फीस में विशेष छूट दी जाती है। कहा कि आज स्कॉलरशिप परीक्षा के साथ-साथ संस्थान के अंदर पेरेंट्स मिलन समारोह का भी आयोजन किया। वहीं संस्थान के डायरेक्टर डा. अशोक कुमार ने कहा कि हमारा संस्थान बच्चों को आर्मी स्कूल और सैनिक स्कूल की तैयारी करवाता है। बताया कि वैसे तो हमारे संस्थान के अंदर बच्चों की संख्या पूरी हो चुकी है लेकिन कई बार हम देखते हैं कि कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जिनमें अपने परिवार और देश के लिए कुछ कर दिखाने का जज्बा तो होता है।



जींद। परीक्षा में अव्वल रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रशिक्षु चालकों को जागरूक करते अमित खर्ब। फोटो :हरिभूमि

### सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध की जानकारी दी

जींद। सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध व नशे पर लगाम लगाने के उद्देश्य से हरियाणा रा'य परिवहन की वर्कशॉप में चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम रा'य परिवहन के एसपीओ वीरेंद्र धनखड़, डीडीएस बलराज सिंह देशवाल, प्रशिक्षण राजेश कुमार की मौजूदगी में किया गया। इस कार्यक्रम में एसआई नरेश ने प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में नशा ना करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नशा करने वाले दोस्तों को दुश्मन समझ कर उनसे दूरी बनाएं और जो भी उनके दोस्त नशा करते हैं। उनके परिजनों को इसकी जानकारी जरूर दें ताकि अपनी दोस्ती को बचाया जा सके। शुरूआत में शोकिया तौर पर नशा होता हैए लेकिन बाद में आदत पड़ जाती है। जिसके बाद जीवन बर्बादी की तरफ चला जाता है। पुलिस प्रवक्ता अमित खर्ब ने कहा कि पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती साइबर क्राइम और युवाओं में बढ़ता नशा है। इससे बचने के लिए युवाओं को जागरूक होने के साथ अपने आसपास के लोगों व परिवार वालों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताना होगा।

## मोतीलाल नेहरू स्कूल के खिलाड़ी छाए

■ छात्रों ने मोएथाई चैंपियनशिप में राज्य स्तर पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने राज्यस्तरीय पर मोएथाई खेल प्रतियोगिता में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। मोएथाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता तीन और चार मई को भिवानी में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा के स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। जिनमें मोतीलाल लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय ने दूसरा स्थान हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया और छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा का छात्र जतिनए सिमरन ने स्वर्ण पदक, आठवीं कक्षा के छात्र सुमित ने रजत पदक और 12वीं कक्षा के छात्र रणदीप और ईशान ने कांस्य पदक हासिल किया।

छात्रों ने जीत का श्रेय कनिश कोच और अपने अभिभावकों को दिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर और मेडल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि मोएथाई ऐसा खेल है जो टीम के सदस्यों के बीच एक-दूसरे के साथ टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है और खेल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक और शारीरिक तौर पर तैयार करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खेल छात्रों को सामाजिक और मानसिक रूप से विकसित करता है।



जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता छात्र स्कूल प्रबंधन के साथ। फोटो :हरिभूमि



जींद। हिंदू कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति पर कार्यशाला

जींद। हिंदू कन्या कॉलेज व राजकीय कॉलेज सफीदों के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू कॉलेज में सोमवार को एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति रहा। इसमें मुख्यवक्ता के तौर पर रास कला मंच के निदेशक व थिएटर आर्टिस्ट रविमोहन शामिल हुए। रविमोहन ने छात्रों को कहा कि अभिनय अपने विचारों व भावों को समाज में प्रेषित करने का सशक्त माध्यम है। लेकिन आधुनिक भौतिकीकरण में ये सब मनोरंजन के साधन कम और रोजगार व पेशे रूप में 'याद्य रह गया है। भौतिकीकरण संगीत गायन वादन व नृत्य की तरह अभिनय भी एक कला है। संगीत में जिस प्रकार विषयों पर इन्होंने बंदिश की शब्दों की चोरी दिखाई पड़ती है। उसी प्रकार अभिनय में भी निर्देशन की साथ साथ आपकी हंस्तलिखित जो स्क्रिप्ट है उसकी चोरी हो सकती हैए किस प्रकार आप अपना अधिकार रख सकते हैं। किस प्रकार अपनी दावेदारी दिखा सकते हैंए इससे किस प्रकार बचा जा सकता है।

## ड्रा में पहले तीन स्थानों पर आने वालों को दिए जाएंगे नगद पुरस्कार

# वोट प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए उठाया कदम

■ मतदाता उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड कर ड्रॉ में जीत सकते हैं 10 हजार का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है।

इस पहल में स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा शुरू की गई नई पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, पांच हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि इस पहल के तहत जिला के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे। उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है। जो कि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। मतदान के दिन प्रातः सात बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि आठ बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व देश का गर्व नामक लोगों जारी किया है। शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप अभियान भी निरंतर जारी है। नई पहल से भावी मतदाताओं को भी मतदान अधिकारों के प्रति सजग किया जा रहा है।



जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा

### लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। भावी मतदाताओं अर्थात स्कूली बच्चों को अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है। इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दें। जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश में भी इस पर्व के अनूठे तरीके से मनाने की पहल की गई है और मतदाताओं को चुनाव मेला देखण जावांगे, सारे वोट डाल के आवांगे जैसे अनेक स्लोगनों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।



नरवाना। योगा प्रशिक्षण शिविर में योगा करते युवा। फोटो :हरिभूमि

### व्यायामशालाओं में लगाए लाइव योग प्रशिक्षण शिविर

नरवाना। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को बड़ी धूमधाम से मनाने के लिए हरियाणा की व्यायामशालाओं में रिहर्सल के रूप में लाइव योगा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनके चलते आयुष विभाग जींद के मार्गदर्शन में नरवाना ब्लॉक के गांव मोहलखेड़ा की व्यायामशाला में यह शिविर लगाया गया। योग का यह कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग की फेसबुक आइडी पर लाइव चलाया गया। सैंकड़ों से अधिक संख्या में युवा, बुजुर्ग व महिलाएं वहाँ पहुंचकर इस लाइव कार्यक्रम का हिस्सा बनें। नरवाना ब्लॉक से आयुष योग सहायकों की टीम वहाँ उपस्थित रही। योगी सतीश भारतीय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया व योगा का वर्णन करते हुए सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। योगी अरविंद व कुलदीप ने प्रोटोकॉल के तहत दिए गए आसनों का अच्छी प्रकार से अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। योगी आजाद ने योग क्रियाएँ व प्राणायाम की अति सुन्दर व्याख्या करते ग्रामवासियों को इनका अभ्यास करवाया। योग सहायक सुखविन्द्र द्वारा सभी ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, तन-मन को स्वस्थ रखने व अपने आप को तनाव व चिंता से मुक्त रखने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा योग से जुड़े अन्त तथ्यों की जानकारी दी गई। गांव के सरपंच विजय भेदी ने सभी आयुष सहायकों के इस उम्दा कार्य की सराहना की।

खबर संक्षेप

## वाहनों के बड़े स्पीकरों से आम जन परेशान

**गुहला चीका।** सड़कों पर सरेआम वाहनों पर बड़े बड़े स्पीकर रखकर उनसे कान फोड़ू संगीत बजाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग तेज हो रही है। लोगों का कहना है कि उक्त स्पीकरों की आवाज के चलते लोग विचलित हो जाते हैं और कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। उक्त समस्या को लेकर आज शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था 'नेकी की दीवार' के एक प्रतिनिधिमंडल ने संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज के नेतृत्व में स्थानीय एस.डी.एम. कृष्ण कुमार व डी.एस.पी. गुहला कुलदीप बैनीवाल से मुलाकात की और उन्हें लिखित रूप से एक ज्ञापन देकर उक्त वाहन चालकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की।

## अधूरी फाइलों को पूर्ण करने को लेकर हुई बैठक

**गुहला चीका।** हुड्डा आर-4 चीका की एसोसिएशन प्रधान डॉ सुभाष पूनिया जी की अध्यक्षता में श्री कृष्ण लाल मल्होत्रा जी उप प्रधान के निवास स्थान कोठी नंबर 148 पर सभी निवासियों के साथ अपने एरिया में लम्बित विकास कार्यों जैसे कि नई सड़कों का निर्माण, सिवरेज व पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त करवाने,आर-4 में एक अतिरिक्त ट्यूबवैल लगवाने व हुड्डा कार्यालय कैथल में सम्बंधित अधूरी फाईलों को पूर्ण करवाने इत्यादि विषयों पर बैठक का आयोजन किया गया।

## 25 मई को मतदान, करें भागीदारी सुनिश्चितः प्रशांत

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है।

फिर जन स्वास्थ्य विभाग ने समस्या निवारण को गठित की टीमें

# कलायत में दूषित पेयजल सप्लाई को लेकर बवाल, बीमार हो रहे लोग

गंदे पानी को लेकर समाज सेवी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन की रूप रेखा तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत





कलायत के वार्ड एक में पेयजल व सीवरेज लाइन से पैदा हुई समस्या का जायजा लेने पहुंचे जन स्वास्थ्य कर्मी व कलायत में ओवर फ्लो सीवरेज मैन हाल।

कलायत शहर के विभिन्न वार्डों की पेयजल सप्लाई में सीवरेज का गंदा पानी मिक्स होने पर बवाल खड़ा हो गया। इस मुद्दे को लेकर आम लोगों के साथ-साथ समाज सेवी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन की रूप रेखा तय की। जब जन स्वास्थ्य विभाग कार्यकारी अभियंता गौरव कांसल और कलायत एसडीओ इंद्राज पंवार की तरफ से त्वरित तौर से समस्या समाधान का ठोस आश्वासन दिया गया तो प्रदर्शन टल गया। शहर के लोगों का कहना है कि दूषित पेयजल सप्लाई से महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा व बच्चे उलटी-दस्त से बीमार हैं। घरों के नलों में आ रहे पानी में न केवल भारी दुर्गंध है बल्कि इसका रंग भी काला है। राजकुमार, एडवोकेट संजय सान्याल, विनोद कुमार, राजपाल सिंह, सोमपाल और दूसरे लोगों ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग की सप्लाई में पिछले कई दिन से गंदा पानी आने की शिकायत वे कर रहे थे। स्थानीय स्तर पर विभागीय अधिकारियों-कर्मियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। निवारण करना तो दूर की बात कर्मियों ने फोन काल भी रिसीव नही की। इसके चलते समाधान होने की बजाए दिन-प्रतिदिन संकट बढ़ता गया। हालात इस कदर खराब हुए कि विभिन्न वार्डों में सीवरेज का पानी एसटीपी पर पहुंचने की बजाए घरों के नलों में पहुंच गया। सीवरेज पाइप लाइनों के ठप्प होने से मैन हाल ओवर फ्लो हुए और गंदा पानी इधर-उधर पेयजल कनेक्शनों के जरिये नलों की राह पकड़ गया। इस मुद्दे में स्कूली बच्चे भी उतर आए। उन्होंने कैथल डीसी प्रशांत पंवार से समस्या निवारण के लिए पुरजोर अपील की। इसके बाद जन स्वास्थ्य और उप मंडल प्रशासन हरकत में आ गया।

### इस प्रकार सामने आई समस्या की वजह

कलायत की पेयजल सप्लाई में सीवरेज का गंदा पानी घुसने की बात को जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मानने को तैयार नही थे। जब कार्यकारी अभियंता गौरव कांसल ने मामले पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेवारी संभालने वाले कलायत एसडीओ इंद्राज पंवार के साथ विषय पर चर्चा करते हुए टीम का गठन कर पेयजल व सीवरेज लाइन की जांच शुरू की तो बिगड़ी व्यवस्था का कारण सामने आया। वास्तव में ही ओवर फ्लो हुई सीरवेज लाइन व मैन हालों से पेयजल सप्लाई प्रभावित मिली। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन पेयजल कनेक्शनों को दुरुस्त करने का कार्य किया गया जिसकी वजह से गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा था। साथ ही सीवरेज लाइन की सफाई का कार्य शुरू करवाया गया। सुधारीकरण के लिए उठाए गए कदमों के अनुसार पेयजल सप्लाई को गुणवत्ता पर परखने का सिलसिला जारी है।

### नहीं होने दी जाएगी समस्याः एसडीओ

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ इंद्राज पंवार ने कहा कि टीमों का गठन करते हुए पेयजल सप्लाई के साथ-साथ सीवरेज व्यवस्था को सुचारु रखने की कार्यवाही शुरू की गई है। तकनीकी टीम घर द्वार और प्रभावित आवासीय क्षेत्रों में पहुंचकर क्रमवार धरातल पर स्थिति का मुआयना कर रही है। बावजूद इसके जिस किसी क्षेत्र में इस प्रकार की समस्या है तुरंत जन स्वास्थ्य विभाग उप मंडल कार्यालय से संपर्क करें।

# अक्षय फल प्रदान करती है अक्षय तृतीयाः पंडित रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



■ अक्षय का अर्थ है अविनाशी जो हमेशा रहता है बना

पूंडरी के प्रसिद्ध पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की हमारे यहां अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन शुभ कार्योंर् को करने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस दिन को तृतीया वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस साल अक्षय तृतीया या आखा तीज 10 मई 2024, शुक्रवार को मनाई जाएगी।

### अक्षय तृतीया का महत्व

पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की अक्षय का अर्थ है अविनाशी जो हमेशा बना रहता है और तृतीया का अर्थ है शुक्ल पक्ष का तीसरा दिन, ऐसा माना जाता है कि जो लोग इस दिन शुभ कार्य करते हैं, वह हमेशा के लिए बना रहता है और कभी खत्म नहीं होता। इस दिन लोग नए व्यापारिक उपक्रम, नौकरी, गृह प्रवेश शुरू करते हैं। इस दिन सोना, चांदी और आभूषण खरीदने के लिए शुभ माना जाता है और यह भी माना जाता है कि ये चीजें उनके जीवन में सफलता, सौभाग्य और समृद्धि लाती हैं। भारत त्योहारों का देश है उत्सवों के कारण यहां जीवन चेतना अपने संपूर्ण रस के साथ प्रवाहित होती है। यह त्योहार हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक हैद्य पर्वोंर् की श्रृंखला में अक्षय तीज का अपना विशिष्ट महत्व है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन से सतयुग और त्रेता युग का आरंभ माना जाता है इस दिन किया हुआ जप ,तप, दान, ज्ञान, अक्षय फलदायक होता है इसीलिए इसे अक्षय तृतीया कहते हैं द्यअक्षय तृतीया एक स्वयंसिद्ध शुभ मुहूर्त है इस कारण इसके लिए किसी पंचांग को देखने की भी आवश्यकता नहीं रह जाती। जिन जातकों के शुभ मिलाना का मुहूर्त नहीं मिल पाते हैं उनको इस तरह स्वयंसिद्ध मुहूर्त में अपने सब शुभ कार्य संपन्न करने चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होते हैं, कन्यादान के लिए यह परम पवित्र तिथि है । इस दिन व्रत उपवास रखना चाहिए। श्री परशुराम जी का अवतरण भी इसी दिन हुआ था। इस दिन परशुराम जी की पूजा करके उन्हें अर्घ्य देने का बड़ा महत्व माना गया है। मन से ,श्रद्धा से पूजा करें ,अपने गुरु और इष्ट का आशीर्वाद प्राप्त करें आपका कल्याण होगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

तृतीया तिथि 10 मई शुक्रवार को प्रातःकाल 04:17 बजे प्रारंभ होकर संपूर्ण दिन रहेगी।

शुभ चौघंडिये-
चर- 05:33 से 07:14 तक।
लाभ- 07:14 से 08:55 तक।
अमृत- 08:55 से 10:36 तक।
शुभ- 12:17 से 13:58 तक।



**कैथल।** एडीसी सी जया श्रद्धा को ज्ञापन देते सीपीएलओ। *फोटो :हरिभूमि*

## सीपीएलओ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** हरियाणा सरकार ने हाल में ही सीआरआईडी विभाग की ओर से सीपीएलओ की भर्ती पूरी की है। जिसके लिए सभी लोकल ऑपरेटरों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही लोकल ऑपरेटरों ने सीपीएलओ बनाने व लिपिक का मानदेय निर्धारित करने की मांग को लेकर एडीसी सी. जया श्रद्धा को ज्ञापन सौपा। ऑपरेटर श्रवण शर्मा, अमनदीप, कुलदीप, राजीव कुमार, साहिल, नरेश सिंह, रितु, विक्रम ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने सीपीएलओ की परीक्षा दी थी सभी ऑपरेटरों ने परीक्षा पास की है, लेकिन रिजल्ट के बाद उनको सीपीएलओ और लोकल ऑपरेटर में बांट दिया गया है। इसमें सीपीएलओ के लिए 6000 रुपये मानदेय निर्धारित किया गया है। जबकि लोकल ऑपरेटर पोस्ट के लिए तो कोई सैलरी निर्धारित नहीं है। जिन्हें केवल कमीशन के आधार पर रखा गया है। हमारी इन मांगों पर विचार करके इनको पूरा किया जाए। सभी ने सीपीएलओ के लिए फॉर्म भरा था और सीपीएलओ की परीक्षा दी थी।

# विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से करवाया अवगत

■ इसके अलावा महिला विरुद्ध अपराध और ट्रैफिक नियमों की पालना से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** महिला थाना एचएसओ एसआई रेखा छात्राओं को जागरूक करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

महिला थाना एचएसओ एसआई रेखा द्वारा गांव बाकल स्कूल में तथा वेलफेयर इंस्पेक्टर गीता द्वारा गांव प्योदा स्कूल में विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराधों बारे, ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे, गुड टच बेड टच, डायल 112, नशा ना करने बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि ट्रैफिक नियमों की पालना ना करने कारण कई बार बड़े हादसे हो जाते है, इसलिए सभी को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एसएचओ ने बताया कि आज के दौरान में साइबर क्राइम काफी बढ़ गया है। ओटीपी सहित किसी भी प्रकार की अपनी जानकारी किसी को ना दें। नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन करना किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। बच्चे इस देश व समाज का भविष्य है, बच्चो को अपनी पढ़ाई व खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। बच्चे नशा न करने बारे व साइबर क्राइम के बारे अपने पेरेंट्स व आस पड़ोस में भी जागरूक करें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल करके मदद लें।

## अवैध शराब की बिक्री पर रहेगी कड़ी नजर

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी 18वें लोकसभा आम चुनावों के दौरान जिला में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रहेगी। आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी इस संबंध में कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों का रिकार्ड भी जांचें। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाये गये हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भंडारण नहीं होना चाहिए। यदि कोई इस कृत्य में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी।

# कॉलेज आफ एजुकेशन किठाना ने करवाई स्कॉलरशिप परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** विद्यार्थियो के साथ स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

गांव किठाना के कालेज आफ एजुकेशन किठाना में आज बीए बीएड व बीएससी बीएड 4 वर्षीय डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें बारवीं पास छात्र छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया व अपने ज्ञान का परिचय दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. निर्मल सिंघरोह और सहायक प्राध्यापिका डा. सुमन ढांडा ने छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के विषय में अभिप्रेरित किया तथा महाविद्यालय के विषय में अवगत करवाया। कालेज प्रधानाचार्या डा. निर्मल सिंघरोह ने महाविद्यालय में कराए जाने वाले कोर्सों के बारे में अवगत विस्तार से अवगत करवाया। स्कॉलरशिप टेस्ट में रीतू, नेहा और खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, विशाल और शुभम ने दिव्तीय स्थान प्राप्त किया जबकि निकिता तथा योगेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के समय महाविद्यालय निदेशक विकास ढांडा भी मोजूद रहे।परीक्षा का प्रबंधन डॉ जगजीत सिंह और डॉ प्रदीप कुमार ने किया।

# 121 कल्बों में रीजनल चेयर पर्सन के लिए पुनीत सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



पुनित जैन को सम्मानित करते हुए।

लायंस क्लब नरवाना के सेक्रेटरी प्रदीप गर्ग ने बताया गत दिवस ग्रेटर नोएडा के एक पांच सितारा होटल में डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में नरवाना से पुनीत जैन को उनके द्वारा पिछले कुछ सालों में क्लब में विभिन्न पदों पर रहते हुए किए गए सामाजिक कार्यों को देखते हुए रीजनल चेयर पर्सन का बहुत बड़ा पदभार लायंस क्लब इंटरनेशनल की कमेटी द्वारा दिया गया। हरियाणा व दिल्ली के 121 क्लबों में नरवाना क्लब के एक सदस्य को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना नरवाना के लिए एक गर्वित बात है इससे पहले पुनीत जैन दो बार लायंस क्लब नरवाना के प्रधान तथा एक बार जोनल चेयरपर्सन भी रह चुके डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधा कामरा ने 121 क्लबों के बीच में पुनीत जैन को सम्मानित किया और यह जिम्मेदारी सौंपी की भिवानी, जींद, नरवाना, कुलांए टोहाना आदि क्षेत्रों के क्लबो को समाज सेवा के कार्योंर् से जोड़कर समाज में संस्था का नाम और ऊचा करें।

# फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



■ फेसबुक आईडी का पासवर्ड चेंज कर स्ट्रांग रखें

प्रायः देखने में आ रहा है कि आजकल हैकर फेसबुक अकाउंट हैक करके उनके परिचितों से पैसा मांग रहे हैं। इसी कड़ी में कैथल पुलिस द्वारा ईस प्रकार के फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि इस प्रकार के अपराधी उन लोगों का फायदा जरूर उठाते हैं जिन लोगों ने आज तक अपनी फेसबुक आईडी का पासवर्ड भी चेंज नहीं किया और अपना जो पासवर्ड रखा है या तो मोबाइल नंबर या तो अपना नाम या तो 12345 इत्यादि रखा है। आमजन में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो यह सोचते हैं कि उनकी फेसबुक आईडी हैक नहीं होगी ,परंतु आप सभी ध्यान दें कि आपने लास्ट टाइम अपना फेसबुक का पासवर्ड कब चेंज किया और क्या रखा है। इसलिए सबसे पहले सभी अपनी फेसबुक आईडी का पासवर्ड स्ट्रांग रखें। एसपी ने कहा कि अपने पासवर्ड के अंदर स्पेशल कैरेक्टर शब्दो का प्रयोग अवश्य करें। ऐसे अपराधी जो भी लोग आपकी फ्रेंड लिस्ट में होंगे उनको मैसेंजर पर चैट करेंगे। सभी को अलग-अलग से चैट कर झूठ बोलकर पैसे ले लेंगे।

### यूं करते हैं अपराध

एसपी ने बताया कि कई बार अपराधी आपकी प्रोफाइल के फोटो की कॉपी करके आपके नाम से एक और आईडी फेसबुक पर बना लेता है तथा आपके ही दोस्तों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता है। आपके बहुत सारे दोस्त जाने अनजाने में उस फेसबुक आईडी को आपकी आईडी समझ कर दोबारा फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लेते है तथा उसके दोस्त बन जाते है और फिर दोबारा ठगी का शिकार हो सकते हैं। इसलिए आप अपने फेसबुक पर आपकी जो प्रोफाइल पिक्चर लगा रहे हैं उसको गार्ड करें। अगर आपकी फेसबुक आईडी हैक हो चुकी है और आप उसको प्रयोग कर पा रहे हैं तो आप सबसे पहले उसकी सेटिंग में जाकर रिकवरी ईमेल और रिकवरी मोबाइल नंबर को बदल दे तथा अपना पासवर्ड बदल कर स्ट्रांग पासवर्ड रखें।



**कैथल।** एमए हिंदी में अव्वल रहे आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी।

## आरकेएसडी कॉलेज के विद्यार्थी रहे अव्वल

**कैथल।** कॉलेज के एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने हाल ही में घोषित कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के परिणामों में शीर्ष दस में स्थान हासिल किया। एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर की रितु को 500 में से 378 अंक और काजल को 373 अंक मिले और दोनों ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने उन्हें कॉलेज पहुंचने पर बधाई दी। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामफल मौन, डॉ. ओपी सैनी, डॉ. शरद गौड़, प्रोफेसर वर्षा और प्रोफेसर दीपशिखा ने उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ऐसी सामाजिक संस्थाएं ही सबके मन में देशभक्ति की भरती हैं भावना

# भारत विकास परिषद का परिवार मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यक्रम में शपथ लेते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

रजनी रोयल पैलेस में भारत विकास परिषद की तरफ से परिवार मिलन व दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष प्रवीन मित्तल ने कि, कार्यक्त्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरदार गुरुविंदर सिंह सरपंच हाबडी व विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज बत्तान इंस्पेक्टर फूड एंड सप्लाई पुण्डरी ने शिरकत की व कार्यक्त्रम अध्यक्ष धीरज भाटिया, दायित्व प्रदाताऱ् कपिल गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक सुनील गर्ग, डा. अशोक गर्ग, हरीश चावला, नरेंद्र राणा, कृष्ण कोशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भी अपनी प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम का आयोजन श्रवण सिंगला के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्त्रम में नवनियुक्त सदस्यों को अध्यक्ष प्रवीन मित्तल, महिला संयोजीका निधि मोहन को कपिल गुप्ता व कृष्ण कौशिक आदि द्वारा शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सरदार गुरुविंदर सिंह सरपंच हाबडी नें कहा की ऐसी सामाजिक संस्थाएं ही सबके मन में देशभक्ति की भावना भरती है। गत वर्ष परिषद शाखा द्वारा किये गये सामाजिक कार्य जैसे रक्तदान शिविर, गरीब बच्चों को जरूरत का समान उपलब्ध करवाना, गरीब कन्या का विवाह, होली व दीपावली मिलन समारोह आदि काफी प्रशंसनीय रहे। विशिष्ट अतिथि नीरज बत्तान ने सदस्यों से आह्वान किया कि वे समाज के लोगों की सेवा करने के बढ़-चढकर भाग लें। इस प्रकार के आयोजनों से जहां सदस्यों में सहयोग की भावना बढ़ती है, वहीं उनमें भाईचारा भी बढ़ता है। कार्यक्त्रम में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करके समाज की बेहतर ढंग से सेवा करने में सक्षम होते हैं। अध्यक्ष प्रवीन मित्तल ने बताया कि भाविप का उद्देश्य सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देना है।

सूचना

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री हवा सिंह निवासी गांव चीड़ी तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रवीना उर्फ प्रमिला मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### अस्पतालों में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

**गुहला चीका।** मई के महीने में जून के महीने जैसी गर्मी पडऩा शुरू हो जाने से जहां लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है, वहीं अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मालूम रहे कि चिलचिलाती गर्मी अमूमन जून के महीने में शुरू होती है परंतु इस बार गर्मी एक महीना पहले मई महीने में शुरू हो गई है।

### बाइक चोरी का आरोपी बाइक समेत काबू

**जींद।** पुलिस ने बाइक चोरी करने के एक आरोपी को चोरी की बाइक के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान घसों कलां निवासी हाल आबाद धर्म सिंह कालोनी निवासी गुरमीत उर्फ तासी के रुप में हुई है।

### एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप

**सफीदों।** नगर के राजकीय महविद्यालय संगीत विभाग द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। वर्कशॉप में रंगमंच कलाकार रवि मोहन ने अपने विचार सांझा किए। उन्होंने प्रदर्शन कला में बौद्धिक संपति के अधिकार विषय पर विचार प्रस्तुत किए।

### शादी से 12 दिन पहले दो सगी बहनें लापता

**कैथल।** कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव से दो सगी बहनें शादी से 12 दिन पहले लापता हो गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि चार मई को रात के समय उसकी 21 व 18 वर्ष की दो बेटियां लापता हो गई।

### गेहूं बेचने को किसानों ने कटवाए गेट पास

**उचाना।** इस बार गेहूं के सीजन में 1300 से अधिक किसानों ने गेहूं बेचने के लिए गेट पास कटवाए। सबसे अधिक गेट पास उचाना मंडी में 9097, छात्तर सब यार्ड पर 1980, घोघड़िया परचेज सेंटर पर 1348, काब्रच्छा में 853, धनखड़ी में 130 किसानों ने गेट पास फसल बेचने के लिए कटवाए गए। खरीदी गई गेहूं का 28 %उठान बाकी रह गया है। उचाना मंडी में डीएफएससी ने 64 प्रतिशत, हैफेड ने 63 %, छात्तर सब यार्ड में डीएफएससी ने 100 %, हैफेड ने 100 %, घोघड़िया में 77 %, काब्रच्छा में 88 %, धनखड़ी में 88 % उठान अब तक हुआ है।

### जन सहयोग संस्था ने दी व्हील चेयर

**उचाना।** कुरुक्षेत्र शहर की प्रमुख जन सहयोग संस्था के सहयोग से मंगलपुर गांव में स्व. मास्टर खजान सिंह, स्व. रामरती देवी की छठी बरसी के उपलक्ष्य में जन सहयोग संस्था की शुरुआत की।संस्था के संस्थापक मा. जितेंद्र द्वारा गांव मंगलपुर में संस्था की कार्यकारिणी गठित की। जरूरतमंद मरीज को व्हील चेयर दी गई। जन सहयोग संस्था मंगलपुर के प्रधान रूप में सेवानिवृत्त रतन लाल को चुना गया। उपप्रधान राममेहर कादियान बने।

---

बुखार पीड़ितों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे

# फीवर मास सर्वे में चार जगह मिला लार्वा, स्वास्थ्यकर्मियों ने किया नष्ट

स्वास्थ्यकर्मियों ने फीवर मास सर्वे किया व 1282 घरों में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया।




**जींद।** गांव खरकगागर पानी के ड्रम में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी व ईंटलखुर्द में रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में सोमवार को स्वास्थ्यकर्मियों ने डेंगू व मलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। सीएचसी कालवा के तहत गांव खरकगागर, हाड़वा व भागखेड़ा में स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र बूरा के नेतृत्व मे स्वास्थ्यकर्मियों ने फीवर मास सर्वे किया व 1282 घरों में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया व दो जगह मिले लार्वा को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। इस दौरान 15 संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए भिजवाए गए। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर तरह का मच्छर मलेरिया नहीं फैलाता। जब कोई संक्रमित मादा एनाफ्लिज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो वह उसे संक्रमित कर देता है। संक्रमित मच्छर, मादा एनाफ्लिज, एडीज एजिप्टि व क्यूलेक्स बीमारी को फैलाते हैं और हमें इनको पैदा होने से रोकना चाहिए। बीमारी के लक्षण नजर आने पर समय पर जांच करवा कर तत्काल इलाज लेना चाहिए।

### मच्छर को भगाना है मलेरिया को मिटाना है

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईंटल खुर्द, संगतपुरा व ढांडा खेड़ी में स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार के नेतृत्व में स्वासथ्यकर्मियों ने फीवर मास सर्वे किया। ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीकों के साथ-साथ स्वच्छ जल पीने व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया। राजेश कुमार ने कहा कि छोटी-छोटी युक्तियां अपना कर हम मलेरिया व डेंगू बुखार से बच सकते हैं। जैसे फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे व कूलर का पानी सप्ताह में एक बार जरुर बदल दें। पूरी बाजू के कपड़े पहनें, अपने आसपास पानी खड़ा न होने दें। गड्ढों को मिट्टी से भरा जाए। अपने आसपास अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। छतों पर टूटे बर्तन व कबाड़ आदि उठा दें। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर तरह का मच्छर मलेरिया नहीं फैलाता।



घिमाना में पानी की टंकी में लार्वा जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

### घिमाना में किया फीवर मास सर्वे

गांव घिमाना में स्वास्थ्य सुपरवाइजर मंजीत भोला के नेतृत्व में फीवर मास सर्वे किया गया। गांव मे कुल पांच टीमें बनाई गई। जिसने प्रतेयक घर में जाकर कूलर, टंकी, होदी, फ्रीज की ट्रे इत्यादि में डेंगू मलेरिया के लारवे की जांच की गई। यहां दो जगह लार्वा मिला। जिसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। बुखार पीड़ित मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई और उनको दवाइयां दी। लोगों को मलेरिया, डेंगू के बारे में बताया।

---



कैथल। खलाड़ियों को सम्मानित करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# बच्चों ने रेस लगा नशा न करने का दिया संदेश

पुलिस का उद्देश्य नशा मुक्त समाज बनाने का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम के तहत एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मुहीम तहत जाट ग्राउंड कैथल में एक रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें लड़के-लड़कियों ने रेस लगाकर नशा न करने का संदेश दिया गया। इस दौरान लड़के-लड़कियों की 100 मीटर, 400 मीटर व 1600 मीटर की रेस हुई। रेस में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला थाना एसएचओ एसआई रेखा द्वारा युवाओं को नशा न करने बारे जागरूक किया गया। रेस प्रतियोगिता की मार्फत पुलिस द्वारा युवाओं को संदेश दिया गया कि खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बडा शत्रु है तो वह नशा है। जिस प्रकार हम हर क्षेत्र में अपने शत्रु को मात देना चाहते है उसी प्रकार हमें इस नशे रुप जहरीली सांप को कुचल कर अपने करियर को बुलंदियों पर लाना होगा नहीं तो नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी नाश कर देगा। पुलिस द्वारा युवा वर्ग से अपील की गई कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा। आमजन युवा वर्ग इस नशा रुपी जहरीली सांप को मिटाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। हर माता पिता को चाहिए कि अपने बच्चों का पढ़ाई के साथ साथ खेलों की तरफ रुझान करे। नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें ताकि पुलिस उनपर कार्रवाई कर सके।

---

# गांव नरवल में क्षतिग्रस्त बस शैल्टर दे रहा हादसों को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



गांव नरवल में क्षतिग्रस्त बस शैल्टर को बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही लेकिन प्रशासन बदल नही रहा।
इससे लगता है कि जिला प्रशासन किसी हादसे के इंतजार में है। इस बारे ग्रामीण राजीव, बलिंद्र, संजीव, राजा, सुभाष, बिंद्र, मोहित, अंकित, मेहर सिंह, राजेश ने बताया कि कई बार बस शैल्टर बदलने बारे प्रशासन को अवगत करवा चुके है, लेकिन कोई समाधान नही निकल रहा। इन लोगों ने बताया कि बस शैल्टर के पास पशु अस्पताल होने के कारण कई बार पशु पालक भी यहां खड़े हो जाते है, जिससे कोई भी हादसा होने से इन्कार नही किया जा सकता। इन लोगों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त बस शैल्टर की मरम्मत करवाकर उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।

---

# हमला कर घायल करने के आठ आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर आठ में तेजधार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आठ आरोपितों को काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि उनको फोन पर सूचना प्राप्त हुई थी कि हाउसिंग बोर्ड सेक्टर आठ के पास कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ लोग पुलिस की गाड़ी देखकर वहां से फरार हो गए थे। पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा कालोनी निवासी सोनू रेढू ने बताया कि वह अपने सेक्टर आठ में हाउसिंग बोर्ड कालोनी में अपने साथियों के साथ गया हुआ था। वहां पर अपने किसी काम के चलते बैठे थे। इस दौरान उसके पास विजय नगर निवासी सुरेंद्र उर्फ बिंद्र ने फोन चक्कर मिलने के लिए कहा तो कुछ समय बाद वह सुरेंद्र उर्फ बिंद्री के साथ वहां पर आ गया और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद फिर से वह अपने साथियों को लेकर वहां पर आया और उस पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। सोनू रेढू ने आरोप लगाया कि विजय नगर निवासी अशोक लोहान, सुरेंद्र उर्फ बिंद्री, राजपुरा भैण निवासी आशीष उर्फ काला, खरावड निवासी पवन, अर्बन इस्टेट निवासी सुरेंद्र, विजय नगर निवासी संदीप, बराह खुर्द निवासी अजमेर के अलावा 12 अन्य युवक और थे। इस दौरान पुलिस को सूचित किया गया तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उनको आरोपियों के चंगुल से बचाया। इस दौरान आरोपितों ने पुलिस के सामने भी जान से मारने की धमकी दी।

### आरोपियों से पूछताछ की जा रही

*सिविल लाइन थाना पुलिस ने सोनू रेढू की शिकायत पर आठ युवकों को नामजद कर 12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर की थी। इस मामले में पुलिस ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान विजय नगर निवासी अशोक लोहान, सुरेंद्र सिंह उर्फ बिंद्री, संदीप व पवन, राजपुरा भैण निवासी आशीष उर्फ काला, खरावड़ निवासी पवन, अर्बन इस्टेट निवासी सुरेंद्र व बराह खुर्द निवासी अजमेर के रुप में हुई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।*

---

# सयुंक्त किसान मोर्चा ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। ग्रामवासियों को सम्बोंधित करते हुए किसान नेता।

रविवार को संयुक्त किसान मोर्चे की टीम अनीता कर्मगढ़, कमलेश, भारती, रामप्यारी, मास्टर चांद, दलबीर सिंह, शिशपाल, सतबीर खरल राम सिंह, ईश्वर, प्रदीप, सुभाष आदि मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में पिपलथा, ढाबी टेक सिंह, नारायणगढ़, रसीदा और हमीरगढ़ का दौरा किया। शिशपाल गलाडी ने बताया कि आज भाजपा और उसके सहयोगियों का चाल चरित्र और चेहरा आप के सामने आ चुका है। भाजपा जो कहती है वो काम करती नहीं जो करती है वो कहती नहीं आप सभी जानते हैं कि भाजपा ने 15-15 लाख खातों में डालने का वायदा किया था परंतु अमित शाह के अनुसार वो केवल एक चुनावी जुमला था। भाजपा ने 2 करोड़ लोगों को हर साल रोज़गार देने का वायदा किया था परंतु नोट बंदी लागू करके करोड़ों लोगों का रोजगार छिन लिया गया। हमारी मां बहनों, बेटियों की इज्जत आबरू बचाने और महिला शहक्तिकरण करने का वायदा मोदी ने किया था परंतु मणिपुर में कुकी समुदाय की हमारी बेटियों को नंगा कर के सड़कों पर घुमाया गया और बाद में उन के साथ बलात्कार करके मौत के घाट उतार दिया गया परंतु मोदी ने मौन धारण कर लिया और दिल्ली के जंतर मंतर पर हमारी ओलम्मपियन बेटियों को बालों से पकड़ कर घसीटा गया और इनकी इज्जत आबरू को तार तार कर के रख दिया।

---

# देश को विश्व गुरु बनाने के लिए करें मतदान : बड़ौली

- सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने जींद विधानसभा में चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव रूपगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोहनलाल बड़ौली एवं अन्य।

सोनीपत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। देश के भविष्य को संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। आप लोग एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनें ताकि देश को विश्व गुरु बनाया जा सके। मोहन लाल बड़ौली ने जींद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहनललाल बड़ोली ने कंडेला में खेड़े वाली चौपाल, दरिया वाला सामान्य चौपाल, जीतगढ़, ब्राह्मण धर्मशाला, ढांडा खेड़ी सामान्य चौपाल, रूपगढ़ चबूतरा खाप, जाजवान सामान्य चौपाल, केरखेड़ी सामान्य चौपाल, इंटल कलां सामान्य चौपाल, ढालमवाला सामान्य बीच वाली चौपाल, इक्कास ओबीसी चौपाल, बोहतवाला स्थान सामान्य चौपाल, न्यू एम्प्लॉयज कालोनी, चुनाव कार्यालय जींद व राम कालोनी वार्ड 23 में जनसंपर्क किया व जनसभाओं को संबोधित किया।

---

# ग्रामीणों ने सोगल के सरकारी स्कूल के स्टाफ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर ग्रामीणों स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

सरकारी विद्यालय में एसएमसी सदस्य और ग्राम वासियों ने स्कूल में आकर स्टाफ सदस्यों एवं प्रधानाचार्य की 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के 100 प्रतिशत आने पर बहुत प्रशंसा की। इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार,धर्मपाल,महिपाल ,प्रदीप ने विद्यालय स्टाफ का तहेदिल से धन्यवाद किया कि उनकी मेहनत से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

इस सभी ने कहा कि 12 वीं कक्षा के सभी विषयों का परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है। इस परीक्षा परिणाम में सभी स्टाफ सदस्यों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में 71 बच्चों ने 12 वीं की परीक्षा दी जिसमें से 31 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की और 39 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा को उत्तीर्ण किया।इस परिणाम को देखकर ऐसा लग रहा है मानो विद्यालय में गुणात्मक शिक्षा की तरफ विशेष ध्यान दिया जाता है। कुछ बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर अपना लोहा मनवाया है वही एक ही परिवार के बेटा और बेटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चावला हिंदी प्राध्यापक मामला राम अंग्रेजी प्राध्यापक बलबीर सिंह ,गणित प्रवक्ता बलराज, राजनीतिक प्रवक्ता कृष्ण दत्त ,मिडिल हेड बलबीर मलिक, सुशील, सतवीर सिंह,निर्मल,रमेश, राम मेहर, जसविंदर राजेंद्र सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

**सम्मान** देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मंडल से डा. रणपाल सिंह को सम्मान मिला

# राष्ट्रीय कैडेट कोर ने सीआरएसयू कुलपति को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजा

महाविद्यालयों में एनसीसी इकाइयों की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे : डॉ. रणपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कुलपति को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय स्टाफ।

भारत सरकार द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को कर्नल की मानद उपाधि प्रदान कर उनकी कर्तव्य पराणयता को सम्मानित किया है। देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मंडल में से डा. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है। डा. रणपाल सिंह कैडेट कोर के कर्नल कमांडेंट हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों के लिए मानद उपाधि उस महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है जो शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के अनुशासित, सवांगीण, देशभक्त और नैतिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। उल्लेखनीय है कि कर्नल की मानद उपाधि पारंपरिक सम्मानों से अलग है। क्रिकेटर एमएस धोनी (भारतीय सेना), सचिन तेंदुलकर (आईएएफ), कपिल देव (भारतीय सेना) जैसी खेल हस्तियों को भी इसी तरह की मानद रैंक दी जा चुकी हैं। यह नई नीति राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मान्यता देते हुए शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को सम्मान प्रदान करती है। डा. रणपाल सिंह ने भारतीय शस्त्र बल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी अपने अनुशासन और देशभक्ति के लिए भारतवर्ष ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। कैडेट रूप में हर युवा को देश के प्रति प्रेम करना और अनुशासन में निबद्ध रहना सिखाया जाता है। उन्होंने कहा की वे स्वयं स्कूल और विश्वविद्यालय के समय से राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़े हुए हैं। अब भी विश्वविद्यालय के तहत आने वाले महाविद्यालयों में एनसीसी इकाइयों की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं और जहां पूर्ववत इकाइयां कार्यशील हैं उन्हें भी इन्होंने सदैव प्रोत्साहित किया है। इनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय में भी एनसीसी की गतिविधियों ने विस्तार पाया।

### सम्मान युवा को समर्पित

डा. रणपाल सिंह ने इस सम्मान को विश्वविद्यालय से जुड़े हर युवा को समर्पित करते हुए युवाओं से राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ देश सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जींद क्षेत्र पहले ही सेना के प्रति समर्पण की भावना के लिए जाना जाता रहा है। यहां के असंख्य परिवारों के सपूत सैन्य बल से जुड़े हुए हैं। इस धरती ने देश के लिए बहुत बलिदान दिए हैं। इसी परम्परा को बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय भी युवाओं को सैन्य सेवा पदों तक पहुचाने में सहयोग करेगा। डा. रणपाल सिंह को मानद कर्नल उपाधि मिलने पर सोमवार को पूरे विश्वविद्यालय में प्रसन्नता और खुशी का माहौल है। सभी अधिकारिक अधिकारियों ने कुलपति डा. रणपाल को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है। विद्यार्थी वर्ग भी इस अवसर पर बधाई देने पहुंचा और कहा कि आप का यह सम्मान हर युवा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।